**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**सं0** :– 03 / भू0अ0नि0(3)सं0स्था0(मोतिहारी)–27 / 2024...3468.... पटना, दिनांक :– 03/06/2025

## आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण(मोतिहारी) के पत्रांक 424 दिनांक 19.11.2024 द्वारा श्री सिंह आदित्य प्रताप केदार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN10715) के विरूद्ध व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर दिनांक 03.08.2024 से लगातार बिना किसी सूचना के कार्यालय से अनुपस्थित रहने संबंधी प्रतिवेदन दिया गया है। साथ ही श्री केदार द्वारा दिनांक 13.11.2024 को दिए गए योगदान की स्वीकृति से संबंधित मार्गदर्शन की मांग की गयी है।

प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में श्री केदार से बिना सूचना के अनुपस्थित रहने के विरूद्ध निदेशालय पत्रांक 14689 दिनांक 19.12.2024 द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा चिकित्सीय साक्ष्य सहित अपना प्रतिउत्तर समर्पित किया गया है। प्राप्त स्पष्टीकरण पर निदेशालय पत्रांक 473 दिनांक 28.01.2025 द्वारा बंदोबस्त पदाधिकारी से मंतव्य की मांग की गयी है। बंदोबस्त पदाधिकारी के पत्रांक 41 दिनांक 06.02.2025 द्वारा कार्यहित में इनके अभ्यावेदन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का मंतव्य दिया गया है एवं योगदान स्वीकृत करने की अनुशंसा की गयी है।

बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन, मंतव्य एवं अनुशंसा तथा श्री कुमार से प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी है। समीक्षोपरांत बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त मंतव्य तथा अनुशंसा के आलोक में श्री सिंह आदित्य प्रताप केदार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN10715) को कार्य नहीं तो वेतन नहीं के आधार पर स्पष्टीकरण से मुक्त किया जाता है।

साथ ही चेतावनी दी जाती है कि भविष्य में इसकी पुनरावृति करने पर संविदा नियोजन समाप्त कर दिया जाएगा।

3/6
**(जे0 प्रियदर्शिनी)**
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03 / भू0अ0नि0(3)सं0स्था0(मोतिहारी)–27 / 2024...3468... **पटना, दिनांक** :– 03/06/2025

**प्रतिलिपि** :– श्री सिंह आदित्य प्रताप केदार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN10715), बंदोबस्त कार्यालय, पूर्वी चम्पारण(मोतिहारी) को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

3/6
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03 / भू0अ0नि0(3)सं0स्था0(मोतिहारी)–27 / 2024...3468... **पटना, दिनांक** :– 03/06/2025

**प्रतिलिपि** :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, पूर्वी चम्पारण(मोतिहारी) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3/6
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03 / भू0अ0नि0(3)सं0स्था0(मोतिहारी)–27 / 2024...3468... **पटना, दिनांक** :– 03/06/2025

**प्रतिलिपि** :– संबंधित प्रोग्रामर, भू-अभिलेख एवं परिमाप को निदेशालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

3/6
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप